**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संख्या :–01/भू0अ0नि0(5)विविध–योजना(अवधि विस्तार)–01/2021** 1296

सेवा में,

**महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)**
वीरचन्द पटेल पथ,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :– 3/1/2022

विषय :– **बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत राजस्व मानचित्रों तथा खतियान के अद्यतनीकरण हेतु विशेष सर्वेक्षण कार्य को चालू रखते हुए वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2024 तक 02 (दो) वर्ष के लिए योजना के अवधि विस्तार हेतु राज्य योजना अन्तर्गत 8,80,49,41,000.00 (आठ अरब अस्सी करोड़ उन्चास लाख एकतालीस हजार) रूपये मात्र के व्यय एवं नियमित तथा संविदा सहित कुल 8802 पदों (नियमित 1339 + पूर्व से संविदा पर सृजित 26 + विशेष सर्वेक्षण हेतु सृजित 7437) के अवधि विस्तार की स्वीकृति।**

**आदेश :– स्वीकृत।**

2. बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के अन्तर्गत अद्यतन राजस्व मानचित्रों के निर्माण कार्य हेतु पूर्व के सफल परीक्षण के आलोक में हवाई फोटोग्राफी एवं जमीनी सत्यापन की मिश्रित तकनीक का उपयोग करते हुए वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 में कार्य सम्पन्न कर लिया जायेगा।

3. आधुनिक तकनीक से राजस्व मानचित्र एवं खतियान के निर्माण एवं संधारण के संबंध में संबंधित कार्यबल को आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा प्रदान किया जाएगा। तकनीकी प्रकृति के कार्यो को सम्पन्न कराने के लिए आन्तरिक/वाह्य स्रोत से आवश्यकतानुसार विशेषज्ञों/सेवा प्रदात्ताओं की सेवाएँ प्राप्त की जा सकेगी।

4. उक्त योजना को चालू रखते हुए वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2024 तक 02 वर्षों के लिए योजना का अवधि विस्तार करते हुए राज्य योजना मद से **8,80,49,41,000.00 (आठ अरब अस्सी करोड़ उन्चास लाख एकतालीस हजार)** के व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है,

विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अवयव का नाम | वित्तीय वर्षवार बजट उपबंध प्रस्ताव | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| वर्षवार | | 2022–23 | 2023–24 | कुल योग |
| 1 | स्थापना मद में व्यय | 264100000 | 330125000 | **594225000** |
| 2 | स्थापना मद से भिन्न मद में व्यय | 4008096000 | 4142620000 | **8150716000** |
| 3 | विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य अन्तर्गत सीमा स्तम्भों का अधिष्ठापन। | 30000000 | 30000000 | **60000000** |
| कुल योग :– | | **4302196000** | **4502745000** | **8804941000** |
| **(आठ अरब अस्सी करोड़ उनचास लाख एकतालीस हजार) रूपये मात्र** | | | | |

5. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा अधिसूचित बंदोबस्त कार्यालयों में कार्यरत नियमित एवं संविदा पर नियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों/अंचल स्तर पर भू–अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण कार्य कर रहे संविदा पर नियोजित डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत नियमित/संविदा के वेतनादि मद में राशि का भुगतान राज्य योजना की राशि से बजट मुख्य शीर्ष – 2029 – भू– राजस्व – उप मुख्य शीर्ष – 00 –लघुशीर्ष – 102 – सर्वेक्षण तथा बन्दोबस्त कार्य – उप शीर्ष – 0101 – सर्वेक्षण और बन्दोबस्त कार्य का पुनरीक्षण, मांग संख्या – 40, विपत्र कोड सं0 40–2029001020101 राज्य योजना स्कीम कोड –5536 के अन्तर्गत उपबंधित राशि से की जायेगी।

6. विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य अन्तर्गत सीमा स्तम्भों का अधिष्ठापन का कार्य मुख्य शीर्ष– 2029–भू–राजस्व–उप मुख्य शीर्ष –00– लघु शीर्ष 103– भू–अभिलेख – उप शीर्ष –0106– सीमा स्तम्भों का परिचालन– माँग संख्या– 40– विपत्र कोड– 40–2029001030106 के अन्तर्गत ईकाई कोड– 27 01 में राज्य योजना के अन्तर्गत उपबंधित राशि से की जायेगी।

7. **पदों का अवधि विस्तार** :– लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आगामी दो वर्षो यथा वित्तीय वर्ष 2022–23 से 2023–24 के लिए निम्न तालिका अनुसार नियमित तथा संविदा सहित कुल 8802 पदों (नियमित 1339 + पूर्व से संविदा पर सृजित 26 + विशेष सर्वेक्षण हेतु सृजित 7437) पदों के अवधि विस्तार किया गया है :–

| क्र0 सं0 | पदनाम | पूर्व से स्वीकृत नियमित पद | पूर्व से स्वीकृत संविदा पद | पूर्व से स्वीकृत संविदा पद में से कतिपय पदों का प्रत्यर्पण | पूर्व से स्वीकृत संविदा पद में से कतिपय पदों एवं संख्या को प्रत्यर्पण के पश्चात् शेष संविदा पद अवधि विस्तार हेतु | संकल्प संख्या– 315 दिनांक 27.02.2019 के द्वारा सृजित पद | संविदा अवधि विस्तार हेतु कुल प्रस्तावित संविदा पद (6+7) | नियमित पद के अवधि विस्तार की स्वीकृति हेतु कुल प्रस्तावित पद | स्वीकृति हेतु प्रस्तावित अवधि विस्तार नियमित एवं संविदा पद सहित कुल संख्या (8+9) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बंदोबस्त पदाधिकारी | 38 | — | — | — | – | — | 38 | 38 |
| 2 | प्रभारी पदाधिकारी | 38 | — | — | — | – | — | 38 | 38 |
| 3 | सहायक बदोबस्त पदाधिकारी | 81 | 48 | 48 | – | — | — | 81 | 81 |
| 4 | विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी | – | – | — | — | 275 | 275 | – | 275 |
| 5 | अंचल निरीक्षक सह कानूनगो | 72 | – | — | — | – | — | 72 | 72 |
| 6 | विशेष सर्वेक्षण कानूनगो | — | — | — | — | 550 | 550 | – | 550 |
| 7 | प्रधान लिपिक एवं लिपिक | 70 | — | — | — | – | — | 70 | 70 |
| 8 | निम्नवर्गीय लिपिक | 294 | — | — | — | – | — | 294 | 294 |
| 9 | विशेष सर्वेक्षण लिपिक | – | — | — | — | 550 | 550 | – | 550 |
| 10 | प्रारूपक | 77 | — | — | — | – | — | 77 | 77 |
| 11 | अमीन / सर्वेयर | 160 | — | — | — | – | – | 160 | 160 |
| 12 | विशेष सर्वेक्षण अमीन | – | – | — | — | 4950 | 4950 | – | 4950 |
| 13 | अमीन | – | – | — | — | 550 | 550 | – | 550 |
| 14 | चालक | 16 | — | — | — | – | — | 16 | 16 |
| 15 | कार्यालय परिचारी / परिचारी (जंजीरवाहक) | 493 | – | — | — | – | — | 493 | 493 |
| 16 | कार्यपालक सहायक / डाटा इन्ट्री ऑपरेटर | – | — | — | — | 275 | 275 | – | 275 |
| 17 | डाटा इन्ट्री ऑपरेटर / कम्प्यूटर ऑपरेटर | – | 26 | – | 26 | 12 | 38 | – | 38 |
| 18 | आई0टी0 ब्याय / कार्यालय परिचारी, | – | — | — | — | 275 | 275 | – | 275 |
| | कुल योग | 1339 | 74 | 48 | 26 | 7437 | 7463 | 1339 | 8802 |

9. पूर्व से स्वीकृत योजना राजस्व अभिलेखों के स्कैनिंग एवं डिजिटाईजेशन का अवधि विस्तार वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 के लिए किया गया है।

10. पूर्व से सृजित संविदा आधारित कार्यपालक सहायक के पद पर जिला स्तर से नि..जन नहीं होने के फलस्वरूप कार्यपालक सहायक के स्वीकृत 275 पद के विरूद्ध **डाटा इंट्री ऑपरेटर** का नियोजन बेल्ट्रॉन के माध्यम से किया जाएगा।
11. पूर्व से सृजित संविदा आधारित आई0टी0 ब्वाय के पद पर नियोजन पर रोक लगने के कारण पूर्व से स्वीकृत आई0टी0 ब्वाय के 275 पदों के विरूद्ध संविदा पर **कार्यालय परिचारी** का नियोजन बाह्यस्त्रोत एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा।
12. योजनान्तर्गत कार्य हेतु उपबंधित एवं स्वीकृत राशि की निकासी के लिए महालेखाकार से प्राधिकार पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी विधिवत् रूप से स्वीकृत एवं अनुमान्य दर पर राशि की निकासी एवं व्यय के लिए सक्षम होंगे।
13. प्रस्ताव में लोक वित्त समिति की स्वीकृति योजना एवं विकास विभाग के ज्ञापांक 222 लो0वि0/यो0वि0, पटना, दिनांक 13.05.2022 द्वारा प्राप्त है।
14. विभिन्न योजनाओं के लिए कर्णांकित राशि के व्यय, योजना एवं योजनान्तर्गत कार्यालयों के लिए स्वीकृत पदों के अवधि विस्तार (नियमित+संविदा)/संविदा पदों पर बेल्ट्रॉन/बाह्यश्रोत एजेंसी से नियोजन की स्वीकृति के प्रस्ताव में संचिका संख्या–01/भू0अ0नि0 (5) विविध–योजना (अवधि विस्तार)–01/2021 की टिप्पणी पृष्ठ संख्या–33/टि0 में दिनांक 02.06.2022 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में मद संख्या– 6 पर स्वीकृति प्रदान की गयी है।
15. विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की संचिका संख्या–01/भू0अ0नि0 (5) विविध–योजना (अवधि विस्तार)–01/2021 के टिप्पणी पृष्ठ संख्या– 36 /टि0 दिनांक 03.06.2022 पर प्राप्त कर स्वीकृत्यादेश का संसूचन किया गया है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

3/6/22

**(ब्रजेश मेहरोत्रा)**
अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक**:–01/भू0अ0नि0(5)विविध–योजना(अवधिविस्तार)–01/2021 1296 **पटना, दिनांक** 3/6/2022

**प्रतिलिपि** :– योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

3/6/22

**अपर मुख्य सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः–01/भू0अ0नि0(5)विविध–योजना(अवधि विस्तार)–01/2021....1296..... पटना, दिनांक..3/6/2022

**प्रतिलिपि** :– निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना/बजट प्रशाखा–5, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 3/6/22
**अपर मुख्य सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः–01/भू0अ0नि0(5)विविध–योजना(अवधि विस्तार)–01/2021....1296..... पटना, दिनांक..3/6/2022

**प्रतिलिपि** :– सभी समाहर्त्ता/सभी समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी/बन्दोबस्त पदाधिकारी/प्राचार्य, राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर एवं बोधगया/उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 3/6/22
**अपर मुख्य सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः–01/भू0अ0नि0(5)विविध–योजना(अवधि विस्तार)–01/2021....1296..... पटना, दिनांक..3/6/2022

**प्रतिलिपि** :– सभी कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 3/6/22
**अपर मुख्य सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः–01/भू0अ0नि0(5)विविध–योजना(अवधि विस्तार)–01/2021....1296..... पटना, दिनांक..3/6/2022

**प्रतिलिपि** :– सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 3/6/22
**अपर मुख्य सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांकः–01/भू0अ0नि0(5)विविध–योजना(अवधि विस्तार)–01/2021....1296..... पटना, दिनांक..3/6/2022

**प्रतिलिपि** :– श्रीमति सरिता कुमारी, प्रोग्रामर आई0टी सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप/आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 3/6/22
**अपर मुख्य सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग